भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 578

06 दिसंबर, 2023 के लिए प्रश्न

रूस से आयात

578. **श्री विजयकुमार** ऊर्फ **विजय वसंत:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार अगले वर्ष होने वाले राज्य और राष्ट्रीय चुनावों से पूर्व आपूर्ति बढ़ाने और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने हेतु गेहूं का आयात करने के लिए रूस के साथ बातचीत कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकारी भांडागारों में स्टॉक 10 वर्षों के औसत से 20% कम था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार का रूस से 8-9 मिलियन टन का आयात करने का विचार है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): जी नहीं।

(ग): पिछले 10 वर्षों के दौरान, केन्द्रीय पूल में गेहूं और चावल के स्टॉक की स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध-क** में संलग्न है।

(घ) और (ड.): जी नहीं ।

****

अनुबंध-क

लोक सभा में दिनांक 06.12.2023 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 578 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

केन्द्रीय पूल में गेहूं और चावल के स्टॉक की स्थिति की तुलना में खाद्यान्न स्टॉकिंग मानदंड

(लाख टन में)

दिनांक	गेहूं		चावल		कुल	
	वास्तविक स्टॉक	खाद्यान्न स्टॉकिंग मानदंड	वास्तविक स्टॉक	खाद्यान्न स्टॉकिंग मानदंड	वास्तविक स्टॉक	खाद्यान्न स्टॉकिंग मानदंड
1.04.2014	178.34	70.00	202.78	142.00	381.12	212.00
1.04.2015	172.21	74.60	170.94	135.80	343.15	210.40
1.04.2016	145.38	74.60	221.61	135.80	366.99	210.40
1.04.2017	80.59	74.60	230.81	135.80	311.40	210.40
1.04.2018	132.31	74.60	248.73	135.80	381.04	210.40
1.04.2019	169.92	74.60	293.94	135.80	463.86	210.40
1.04.2020	247.00	74.60	322.39	135.80	569.39	210.40
1.04.2021	273.04	74.60	291.18	135.80	564.22	210.40
1.04.2022	189.90	74.60	323.22	135.80	513.12	210.40
1.04.2023	83.45	74.60	248.60	135.80	332.05	210.40

नोट 1: संशोधित मानदंड दिनांक 22.1.2015 से हैं।

****